तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तभी विकसित भारत का पूरा होगा सपना : लखनलाल



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु 13 तक कर सकते हैं आवेदन

कोरबा। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्र शासकीय पीजी कॉलेज एवं अध्ययन केंद्र शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा में विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की गई है। प्रवेश अधिसूचना के तहत शासकीय पीजी कॉलेज में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमएसी (बॉटनी, जूलॉजी, कम्प्यूटर, गणित) एमए, एमएसडब्ल्यू, एमबीए, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, सहित अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन हेतु इच्छुक विद्यार्थी सहायक कार्यक्रम समन्वयक जीके गढ़ेवाल एवं राजेश सक्सेना से संपर्क कर सकते हैं।

कोसाबाडी जोन में शिविर कल

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर के तहत निगम द्वारा आयोजित किये जा रहे शिविरों में कोसाबाडी जोन में 8 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 9 अक्टूबर पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन में, 10 अक्टूबर बालको जोन में , 13 अक्टूबर दर्री जोन में एवं 14 अक्टूबर सर्वमंगला नगर जोन में सेवा संकल्प अभियान -सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किये जायेगे।

ठेका श्रमिकों को दिवाली से पहले बोनस और पीएलआई

कोरबा। कोल इंडिया की एपेक्स जेसीसी बैठक में ठेका श्रमिकों के बोनस और परफार्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) के भुगतान को लेकर सहमति बनी है। शनिवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में हुई बैठक में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने ठेका श्रमिकों के भुगतान का मुद्दा उठाया। तय व्यवस्था के अनुसार ठेका श्रमिकों को दिवाली 2026 से पहले बोनस का भुगतान किया जाना है।बैठक में स्पष्ट किया गया कि ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान वेतन संहिता, 2019 के बोनस संबंधी प्रावधानों के तहत 8.33 प्रतिशत की दर से किया जाएगा। वहीं, खनन गतिविधियों में लगे ऐसे ठेका श्रमिक, जिनका वेतन बोनस भुगतान के लिए निर्धारित वैधानिक सीमा से अधिक है, उन्हें पूर्व में जारी प्रावधानों और 29 मई 2025 की स्पष्टता के अनुसार परफार्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) का भुगतान किया जाएगा।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज हेतु आवेदन 17 तक

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित व्यापक स्तर के सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रात्रि 11.59 बजे है। इस प्रतियोगिता में कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल, नगरीय विकास, स्वास्थ्य, रक्षा, सतत विकास, अधोसंरचना एवं परिवहन, उभरती तकनीकें तथा शिक्षा एवं रोजगार सहित 10 क्षेत्रों में समाधान आमंत्रित किए गए हैं।

हाथियों को करंट से बचाने कलेक्टर का फरमान, तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध हुकिंग पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग कार्रवाई करने कहा

खास बातें

- हाथी प्रभावित क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर जोर



अलग खबर

मानव-हाथी द्वंद्व प्रबंधन के लिए गठित समिति की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हाथियों से प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा समय पर उपलब्ध कराने, संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था करने और मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हाथियों से फसल नुकसान की स्थिति में पटवारियों से समय-सीमा के भीतर आवश्यक रिपोर्ट तैयार कराई जाए, ताकि प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र मिल सके। उन्होंने ग्राम सभाओं के माध्यम से मुआवजा प्रक्रिया और उससे जुड़ी जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने को भी कहा। हाथियों के विचरण क्षेत्रों में विद्युत तारों से की जाने वाली अवैध हुकिंग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए। कलेक्टर ने हाथियों को करंट से बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने और विद्युत तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर रखने को कहा। बैठक में लाइनमैन को अवैध हुकिंग की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में संचालित धान खरीदी केंद्रों को संवेदनशील केंद्रों के रूप में चिह्नित कर वहां सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने उप-पंजीयक सहकारिता और खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों को खुले में सोने से रोका जाए और उनके लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की जाए। उन्होंने इन केंद्रों में सुरक्षा उपायों के साथ जरूरी अधोसंरचना उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में हाथियों से ⏭शेष पेज 3 पर

कटघोरा के जटगा मोड़ पर हुआ हादसा

तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, मौत



घटना में मृत बाइक सवार युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जटगा मोड़ (कसनिया) के पास मंगलवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टेलर चालक ओवरटेक करने के दौरान बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक हेलमेट पहने होने के बावजूद गंभीर रूप से कुचल गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके कारण सड़क पर आवागमन बाधित होने लगा और जाम की स्थिति निर्मित हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 सीबी 8621 से बिलासपुर की ओर से अंबिकापुर जा रहा था। इसी दौरान जटगा मोड़ के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि युवक को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान की आधिकारिक पुष्टि की जा रही है। हालांकि प्राथमिक जानकारी में मृतक का नाम निराला गुप्ता, पिता रमेश गुप्ता, निवासी रामानुजगंज क्षेत्र होने की बात सामने आई है। पुलिस द्वारा दस्तावेजों और अन्य माध्यमों से पहचान की पुष्टि की जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस और डायल 112 की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले मौके पर मौजूद भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था को सामान्य कराने का प्रयास किया। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने के कारण पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा तैयार कराया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी ठोकर, मौत



कसमंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सख्यामार्ग में एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सर्वमंगला नगर दुरपा निवासी ननकी राम यादव (55 वर्ष) अपने किसी निजी काम से साइकिल में सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ननकीराम को ठोकर मार दी जिससे मौके पर ही ननकीराम की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर कर जांच में जुट गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री 19 सितंबर की सुबह करीब 9:30 बजे स्कूल जाने का कहकर घर से निकली थी, जो स्कूल नहीं पहुंची। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस अपहत बालिका को सकुशल बरामद किया। बालिका ने अपने बयान में बतायी कि आरोपी मुकेश यादव द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाकर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने एवं पूर्व में भी दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी धंवईपुर कटघोरा निवासी मुकेश यादव उम्र 19 साल पिता भारत यादव के विरुद्ध धारा 65(1), 74 बीएनएस एवं 4, 8 पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। इसी तरह थाना उरगा की पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्राभाठा पानी टंकी के पास एक व्यक्ति कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने खोडडल निवासी अजीत खुंटे उम्र 43 वर्ष पिता बुलटुराम खुंटे को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेजा गया है।

हाथियों के झुंड ने बेहरचुंआ में धान फसल को किया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

करतला वन परिक्षेत्रांतर्गत बेहरचुआ गांव में सोमवार की रात सक्ती जिले से अचानक धमके हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों की धान की फसल को तहस-नहस कर दिया और सुबह होने से पहले वापस लौटकर सक्ती क्षेत्र के जंगल में विश्राम करने लगा है। ग्रामीणों को हाथियों के आने तथा फसल रौंदे जाने की जानकारी तब लगी जब वे मंगलवार की सुबह अपने खेतों में पहुंचे तो वहां फसल को तहस-नहस पाया। इसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दी गई, जिसके बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। करतला रेंज के ही कोटमेर क्षेत्र में एक दंतैल हाथी विचरण कर रहा है। वहीं कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के मड़ई सर्किल में भी एक लोनर हाथी की दस्तक से हडक़ंप मच गया है। इसी तरह पसान रेंज में 52 हाथी लगातार सक्रिय है और क्षेत्र में फसल को रौंद रहे हैं। हाथियों की निगरानी के लिए विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे एवं मैदानी अमले की मदद ली जा रही है।

पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर में खेल रहा मासूम ने पानी समझ कर प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पी लिया। जैसे ही मासूम की तबियत बिगड़ने लगी परिजनों ने उसे तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीमूड पुलापुर निवासी शिवलाल सिंह का तीन वर्षीय पुत्र मनीष कुमार ने 29 सितंबर को खेल खेल में घर में रखे प्लास्टिक के बॉटल महुआ शराब को पी लिया। इस दौरान उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी। शराब पीने के बाद मासूम उल्टी करने लगा। शाम को जब पिता काम कर घर लौटा तो पत्नी ने मनीष के शराब पी लेने की बात बताई। उल्टी करने के बाद मनीष की हालत में सुधार आया लेकिन दूसरे दिन अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिरमिरी अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

तकनीकी विशेषज्ञों की टीम एयरस्ट्रिप का करेगी निरीक्षण

रुमगरा एयरस्ट्रिप का होगा विस्तार, केंद्रीय बजट में किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

औद्योगिक नगरी में लंबे समय से चली आ रही हवाई सेवा की मांग को लेकर एक सकारात्मक पहल देखने को मिली है। रुमगरा स्थित एयरस्ट्रीप की लंबाई बढ़ाने की योजना है जिसके लिए केंद्र की एक टीम एयरस्ट्रीप का निरीक्षण करने पहुंचेगी। सिविल एविएशन की ओर से इस वर्ष के बजट में इसके लिए 10 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि का प्रावधान किया गया है। जल्द ही तकनीकी टीम कोरबा पहुंचकर एयरस्ट्रिप का सर्वे करेगी।

प्रस्तावित योजना के अनुसार रूमगरा एयरस्ट्रिप का जामबहार की ओर विस्तार किया जाएगा। इसके लिए रनवे की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने के साथ टर्मिनल भवन, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। तकनीकी और व्यावहारिक सर्वे के बाद एयरपोर्ट विकास की आगे की प्रक्रिया तय होगी। सूत्रों की मानें तो आने वाले कुछ महीनों में सर्वे और मूल्यांकन का काम पूरा होने की संभावना है। जिले में हवाई सेवा शुरू करने की कोशिश काफी पुरानी है। दिसंबर 2012 में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ एविएशन अकादमी के माध्यम से प्रदेश के पांच शहरों में एयर टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी की थी, जिसमें कोरबा भी शामिल था। उस दौरान रूमगरा एयरस्ट्रिप से छह सीटर एयर टैक्सी का ट्रायल भी किया गया था। रायपुर के लिए किराया तय करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी, लेकिन रनवे विस्तार और तकनीकी कारणों के चलते योजना आगे नहीं बढ़ सकी। बाद में कोरबा से जुड़े अंबिकापुर में नियमित हवाई सेवा शुरू हो गई। अब उड़ान योजना में कोरबा के शामिल होने से एक बार फिर शहरवासियों की उम्मीद बढ़ी है। रूमगरा एयरस्ट्रिप का निर्माण वर्ष 1980 में कोरबा पूर्व विद्युत संयंत्र के निर्माण के दौरान अधिकारियों और विदेशी इंजीनियरों की आवाजाही के लिए किया गया था। उस समय यहां चार्टर विमान उतरते थे। बाद में बिजली कंपनी के लिए इसका इस्तेमाल सीमित हो गया। करीब दो दशक पहले बालको के विस्तार प्रोजेक्ट के दौरान बालको प्रबंधन ने एयरस्ट्रिप का उपयोग शुरू किया। वर्तमान में इसके रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी बालको के पास है। हालांकि समय-समय पर शासन के विमान भी यहां उतरते रहे हैं।

प्रारंभिक सर्वे किया जाएगा

रुमगरा एयरस्ट्रीप का विस्तार किया जाएगा। केंद्रीय बजट में इसे शामिल किया गया है। प्रारंभिक सर्वे के लिए एक टीम आएगी। एयरस्ट्रीप की लंबाई बढ़ाने का काम पहले चरण में किया जाएगा।

-कुणाल दुदावत, कलेक्टर

स्व. राजस्व निरीक्षक के पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज अपने कक्ष में स्व. रविन्द्र कुमार जायसवाल के ज्येष्ठ पुत्र राहुल कुमार जायसवाल को पटवारी (प्रशिक्षु) पद पर अनुकम्पा नियुक्ति का पत्र सौंपा। स्व रविन्द्र कुमार जायसवाल तहसील कार्यालय दर्री में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। शासकीय सेवा के दौरान 30 मई को उनका निधन हो गया था। उनके आश्रित परिवार को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप विभागीय छानबीन और चयन समिति की अनुशंसा के बाद राहुल कुमार जायसवाल को पटवारी प्रशिक्षण के लिए योग्य पाया गया। नियुक्ति आदेश के अनुसार राहुल कुमार जायसवाल को नियमानुसार पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

खबर संक्षेप

सेवा ज्योति यात्रा के तहत पांचों विकासखंडों से आज निकलेगी बाइक रैली

कोरबा। सेवा ज्योति यात्रा के अंतर्गत 7 अक्टूबर को जिले के पांचों विकासखंडों से बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली निर्धारित मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित सर्कस मैदान, महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी। यहां सभी विकासखंडों के प्रतिभागी एकत्रित होंगे। इसके बाद सेवा ज्योति रथ के साथ सामूहिक पदयात्रा ओपन थिएटर, घंटाघर मैदान स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार कोरबा विकासखंड की रैली जामबहार, सोनपुरी चौक, सोनगुड़ा चौक, दुर्गया, अजगरबहार, माखुपानी, सतरेंगा, गढ़उपरोड़ा, देवपहरी, लेमरू, अरसेना (कुटुरवां), नकिया, श्यांग, गुरमा, सिमकेदा, चिर्री, गिरारी, बरपाली, बासीन, कोलगा, मदनपुर, परसखेत, गेरांव (बताती), कोरकोमा, केरवा (डेंगुरडीह), भुलसीडीह (बैरियर चौक), झगरहा चौक, नकटिखार, गोढ़ी, बेंदरकोना, करसंदी, भैंसमा, तिलकेजा, पहन्दा, पताढ़ी, उरगा, कुकरीचोली, कुरुडीह और पण्डरीपानी से होकर निकलेगी। करतला विकासखंड की रैली का मार्ग कोटमेर, नोनबिर्रा, भैंसमा, गोढ़ी, नकटिखार और रिस्दी चौक से होकर निर्धारित है।

मुरली में मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



हरदीबाजार। ग्राम पंचायत मुरली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों महापुरुषों के विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने वाले हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार अध्यक्ष कौशल श्रीवास, विकास सिंह, मुकेश बर्मन, कुनाल आजाद, सरपंच शंकर सिंह कंवर, पूर्व सरपंच दशरथ सिंह कंवर, जयलाल पटेल, गुलशन जायसवाल, मुकेश रात्रे, मंडल अध्यक्ष शेखर पटेल, चित्रपाल श्रीवास, पदूम सिंह कंवर, मनीराम पटेल, डीपी कोर्राम, द्वारिका यादव, पितर सिंह जगत, क्रांति मरावी, जेठसिंह, फिरन कंवर, दादू सिंह कंवर, रामशरण खुसरो, सुनील कंवर, रूकेश पटेल, अनिल पटेल, गोवर्धन पटेल, नंदु पटेल, रमशिला कंवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

वृद्धजन दिवस समारोह में प्रशांति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की अनदेखी, कलेक्टर से शिकायत

कोरबा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशांति वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत सौंपकर मामले की जांच और समाज कल्याण विभाग, कोरबा के उप संचालक हरीश सक्सेना एवं परिवीक्षा अधिकारी मुकेश दिवाकर के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों का सम्मान करने के साथ उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। वहीं प्रशांति वृद्धाश्रम में निवासरत 28 महिला एवं पुरुष वरिष्ठ नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया। शिकायत के अनुसार, प्रशांति वृद्धाश्रम लगभग 23 वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों की सेवा एवं देखभाल का कार्य कर रहा है। यहां ऐसे बुजुर्ग निवासरत हैं, जिन्हें आश्रय, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सामाजिक सहयोग की आवश्यकता है। शिकायत में आरोप लगाया है गया है कि प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन एवं यहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के हितों से संबंधित मामलों में समाज कल्याण विभाग, जिला कोरबा से पिछले करीब तीन वर्षों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, तत्कालीन उप संचालक श्रीमती गोयल के कार्यकाल में भी वृद्धाश्रम की उपेक्षा की गई। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना एवं परिवीक्षा अधिकारी मुकेश दिवाकर के कार्यकाल में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। संस्था ने वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने में भी भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रशांति वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाता रहा है।

लगातार दूसरी वर्ष आयोजित की जा रही है रामलीला

उद्योग मंत्री के मार्गदर्शन में निगम कराएगा 6 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में निगम द्वारा इस वर्ष भी दशहरा पर्व के दौरान 6 दिवसीय 15 से 20 अक्टूबर तक रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार भवन में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, देवेन्द्र पाण्डेय, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी विशिष्ट उपस्थिति में श्रीराम लीला आयोजन की तैयारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान उद्योग मंत्री की पहल पर 6 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, उन्होने इस मौके पर कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला एवं उनके द्वारा स्थापित आदर्श सर्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, उनके द्वारा समाज के सामने रखें गए आदर्श आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला पर आधारित रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजनों हेतु समय-समय पर निगम ने विभिन्न समितियों को अपना भरपूर सहयोग भी दिया है, पूर्व वर्ष की भांति द्वितीय वर्ष भी भव्य 6 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि इस वर्ष का रामलीला पिछले वर्ष की अपेक्षा बहुत ही भव्य होगा, हम आयोजक हैं, निगम के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी रामलीला आयोजन में पूरी तरह से सफल एवं पारदर्शिता पूर्वक आयोजन करेगा। रामलीला के श्रद्धालु भक्तगण रामलीला देखने आये तो आमनागरिकों का पूरी तरह से सम्मान के साथ उन्हें आदरपूर्वक बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा आमनागरिकों को श्रीरामलीला के जीवनलीला चरित्रों पर आधारित आदर्शों के प्रति लोगों को प्रेरित करें। उन्होने एमआईसी के सदस्यों, पार्षदों, एल्डरमेनगणों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मेला एवं दशहरा उत्सव आयोजन का रंगारंग कार्यक्रम कराया जायेगा। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि पिछले वर्ष रामलीला आयोजन के दौरान कोरबा के नागरिकों का सौभाग्य था कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा केबिनेट मंत्रियों एवं आचार्य रामभद्राचार्य जी का आगमन हुआ था, और हमारा कोरबा का रामलीला पूरे प्रदेश में ख्याति अर्जित किया, जिसके लिये आप सभी लोग साधुवाद के पात्र हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम अधिनियम की धारा में उल्लेखित है कि सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक आयोजन हेतु इस तरह के आयोजन कराये जाने का उल्लेख है। पिछले वर्ष महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की दूरदर्शिता के कारण श्रीरामलीला मेला एवं दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन कराया गया था, पिछले वर्ष के अनुभव को लेकर इस वर्ष भी पूर्व वर्ष से अधिक भव्यता के साथ आयोजन करेगा, हमने पिछले वर्ष श्रीरामलीला आयोजन से जेनजी बच्चों को मोबाईल से दूर रखने का प्रयास किया गया तथा उन्हें मोबाईल छोड़कर भव्य रामलीला के नाट्य प्रदर्शनों के तरफ आकर्षित किया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि पिछले वर्ष के श्रीरामलीला एवं दशहरा उत्सव के दौरान कोरबा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ ही केबिनेट मंत्रियों का आगमन हुआ था तथा भगवान श्रीराम की माता कौशिल्या के नाम से जोगियाडेरा स्थित माता कौशिल्या मंदिर बना है, उस क्षेत्र को कौशिल्याधाम के नाम से नामकरण किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि हम सभी भगवान श्री राम को मानने वाले है, भरत के नाम से ही भारत देश का नाम पड़ा है , और हम सभी अपने जीवन में जो भी कुछ करते हैं वे भगवान श्री राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर करते है। इस वर्ष भी नगर निगम भगवान श्रीरामचन्द्र के जीवनलीलाओं को आमनागरिकों तक पहुंचाने के लिये एक भव्य रामलीलाल आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर निगम एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, निगम के अधिकारी कर्मचारीगण एवं अन्य नागरिकगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

हितग्राहियों को राशन कार्ड और पीएम आवास राशि सहित विभिन्न सामग्री का हुआ वितरण



चेक प्राप्त करते हितग्राही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा कार्यालय परिसर में सोमवार को सेवा सेतु अभियान शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल थे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने की।

शिविर में नगर पालिका की राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन, पेंशन, राजस्व और नल-जल शाखाओं के साथ विद्युत, स्वास्थ्य, उद्यान, आधार कार्ड, जाति-निवास, पशु चिकित्सा एवं श्रम विभाग के स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी तथा आवेदन प्राप्त किए। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने 12 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब, 6 हितग्राहियों को राशन कार्ड, एक हितग्राही को मुख्यमंत्री मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 20 हजार रुपये तथा एक हितग्राही को श्रद्धांजलि योजना के तहत 2,500 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसके अलावा 9 आवेदकों को मृत्यु प्रमाण पत्र, एक आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र और 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सेवा सेतु जैसे शिविर जनता और शासन के बीच प्रभावी सेतु का काम करते हैं। उन्होंने नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने और पात्र लोगों को इनके बारे में जागरूक करने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

विजयनगर में संकुल स्तरीय भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विजयनगर संकुल में संकुल स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विजयनगर, प्राथमिक शाला बिंझरा, ढुरेना सहित अशासकीय विद्यालय डीएवी, बीकन, सरस्वती शिशु मंदिर, आदर्श विद्या पीठ आदि के प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारी बारिश के बावजूद विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का उत्साह देखने लायक रहा।

प्रतियोगिता में 50 प्रतिशत शासकीय और 50 प्रतिशत अशासकीय विद्यालयों के निर्णायकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सर्वेश सोनी ने किया। चित्रकला के प्राथमिक वर्ग में कु. मिशीता (डीएवी) तथा माध्यमिक वर्ग में दिशा गुप्ता (सरस्वती शिशु मंदिर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में कु. काव्या (आदर्श विद्या पीठ) और माध्यमिक वर्ग में कु. अदिति (मिडिल स्कूल विजयनगर) प्रथम रहीं। सभी विजेता विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के चयनित विद्यार्थी 28 सितंबर को कटघोरा में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी वर्ग की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 29 सितंबर को होगी, जिसके विजेता 1 अक्टूबर को विकासखंड कटघोरा में भाग लेंगे। संकुल प्राचार्य नीलू अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। निर्णायक मंडल में नीलम, रितु, संध्या रानी ठाकुर एवं पुष्पलता महेश शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



एनएसएस स्थापना दिवस पर उपस्थित कालेज के छात्र छात्राएं व शिक्षक।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुआ।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली ने प्रस्तुत की। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रारंभ हुई यह योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एम. वैष्णव ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें समाज से जोड़ने और सामाजिक समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवा भावना के माध्यम से विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का विकास करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्यारे लाल आदिले, प्राचार्य, जे. बी. डी. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कटघोरा ने एनएसएस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से ग्रामीण एवं वंचित वर्गों के बीच जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

एचटीपीएस से सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम से सितंबर में मुख्य अभियंता (उत्पादन) प्रदीप कुमार जोशी, अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र कुमार साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक विनीत कुमार निर्मलकर और संतलाल कंवर सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता गुप्ता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि अधीक्षण अभियंता (सिविल) सत्येंद्र कुमार साहू ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके पांडे, एके शाह, केएनबी. राव, एसके. नायर, एससी. पाठक, परियोजना प्रबंधक एसके. पंड्या और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा अपने 40 से 31 वर्षों के दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।

गोद भराई, अन्नप्राशन और पोषण प्रदर्शनी से दिया सुपोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोरबा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम लामपहाड़ में आंगन मिलन उत्सव आयोजित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरबा समुदाय की महिलाओं और बच्चों ने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में गोद भराई के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व बताया गया। अन्नप्राशन के अवसर पर अभिभावकों को बच्चों की उम्र के अनुरूप पूरक आहार देने की जानकारी दी गई। पोषण प्रदर्शनी में स्थानीय खाद्य पदार्थों से संतुलित आहार तैयार करने के तरीके दिखाए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया गया। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली, मातृ संवाद और न्योता भोज कार्यक्रम के आकर्षण रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वच्छता तथा बच्चों की देखभाल के संबंध में जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुशीला तिर्की और सहायिका श्रीमती सुलोचनी यादव ने पहाड़ी कोरबा परिवारों की माताओं को बच्चों के सुपोषण और आंगनबाड़ी सेवाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच भुकेश्वर पैकरा, बरगांव से आए जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, एएनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रशांति वृद्धाश्रम में मनाया गया वृद्धजन दिवस

आरती, तिलक और माल्यार्पण से बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बुजुर्गों का सम्मान करती स्काउट गाइड।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत सभी 28 बुजुर्गों की आरती उतारकर तिलक लगाया गया और माल्यार्पण व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

हर वर्ष 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान, उनकी देखभाल और समाज के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी भावना के साथ आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और अपनत्व का एहसास कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् श्रीमती कल्पना मिश्रा थीं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है। उन्होंने प्रशांति वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की निरंतर सेवा के लिए नवदृष्टि समाजसेवी संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पिछले 21 वर्षों से बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य कर रही है।प्रशांति वृद्धाश्रम की शुरुआत जिला प्रशासन द्वारा समाज कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत करीब 23 वर्ष पूर्व की गई थी। आज यह आश्रम ऐसे बुजुर्गों के लिए सहारा बना हुआ है, जिन्हें जीवन के इस पड़ाव पर देखभाल, सम्मान और अपनत्व की जरूरत है। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स ने भी सहभागिता निभाई। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सेवा में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन वीणा मिस्त्री ने किया। इस अवसर पर नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख, केयरटेकर बीरू यादव, उर्वशी यादव, लता यादव, अंजू, विक्की यादव, सहित सुरेंद्र सोनी और शशिकला सोनी उपस्थित रहे।

समूह की महिलाओं को दिया गया जाल और आइस बॉक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम तिलकेजा, तहसील भैसमा की जय मां लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं मछली पालन के माध्यम से आजीविका मजबूत कर रही हैं। समूह ने पंचायत स्तरीय शिविर में मत्स्य पालन विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद विभाग की ओर से समूह को मछली पकड़ने के लिए जाल और मछलियों को सुरक्षित रखने के लिए आइस बॉक्स उपलब्ध कराया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले परिवार की आजीविका खेती-किसानी और दैनिक मजदूरी पर निर्भर थी। तालाब लीज पर लेकर मछली पालन शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं थे। मछली पकड़ने के बाद उसे सुरक्षित रखने और बाजार तक पहुंचाने में भी परेशानी आती थी। आइस बॉक्स नहीं होने से मछलियों को ताजा रखना कठिन होता था और बिक्री प्रभावित होती थी। जाल और आइस बॉक्स मिलने से अब मछलियों को पकड़ने, सुरक्षित रखने और बाजार तक पहुंचाने में सुविधा हुई है। मछली पालन और बिक्री से समूह की महिलाओं को नियमित आमदनी होने लगी है। इससे बच्चों की शिक्षा और परिवार की अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल रही है। समूह की महिलाओं के प्रयासों और विभागीय सहायता से परिवारों की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है।

खबर संक्षेप



बैंक अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक

कोरबा। आगामी 21 नवंबर को आयोजित होने वाली धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से न्यायाधीश की कमिटी द्वारा जिले के लीड बैंक मैनेजर कृष्णा भगत कोरबा एवं भारतीय स्टेट बैंक कोरबा, छ०ग० राज्य ग्रामीण बैंक कोरबा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारीगण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। न्यायाधीश द्वारा बैंक अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि वे अपने-अपने बैंक से संबंधित प्रकरणों में संबंधित पक्षकारों से आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए सुलह एवं समझौते के माध्यम से प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु प्रभावी प्रयास करें। बैठक में विशेष लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को उनके प्रकरणों का त्वरित, सरल एवं कम खर्च में समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही, संबंधित प्रकरणों की जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने तथा पक्षकारों को विशेष लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु आवश्यक सूचना प्रदान करने के संबंध में भी चर्चा की गई।

जिले के सभी पटवारी रहे एक दिवसीय हड़ताल पर, नहीं हुआ दफ्तरों में काम

कोरबा। पीवी ऐप से फसलों की गिरदावरी कराए जाने के लिए लगातार प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दबाव को लेकर प्रदेश भर के पटवारियों का सम्मेलन रायगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें जिले के सभी तहसीलों के इकाई अध्यक्ष व सदस्यों के शामिल होने के कारण सोमवार को अधिकांश पटवारी दफ्तरों में कामकाज ठप रहा। फसल की गिरदावरी को लेकर पीवी मोबाइल ऐप लाने के बाद राजस्व अमला इसका विरोध करने लगा है। शासन भी मोबाइल ऐप से ही गिरदावरी कराने पर अड़ा हुआ है। उसके द्वारा लगातार राजस्व कर्मियों पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि राजस्व अमले का कहना है कि पीवी ऐप से गिरदावरी कराने का कार्य अगले फसल सीजन में कराया जा सकता है। अभी तक मेन्युअल तरीके से गिरदावरी का काम कराया जा रहा था। अब नए आदेश के कारण गिरदावरी कार्य में अड़चन आने लगी है। जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बाद सभी पटवारियों के द्वारा इसका बहिष्कार कर दिया गया है। पटवारियों के समर्थन में राजस्व निरीक्षक के साथ कृषि विस्तार अधिकारी भी सामने आ गए हैं।

संस्कार आंगन मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



हरदीबाजार। विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरहाडबरी के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित संस्कार आंगन मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की, उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों का आरती उतारी कर अन्नप्राशन संस्कार कराया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए भी सम्मानित कर उनके सेवा समर्पण भाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान छोटेलाल पटेल, गिरधारी पटेल, अजित कुमार,प्रभाकर कौशिक,कामता प्रसाद,राधे लाल, श्यामलाल, चुम्मन कुर्रे,सावन सिंह,आंबा कार्यकर्ता श्रीमती हीरा रात्रे,बसंती कुर्रे,अमृत बाई रात्रे,सहायिका रामयण बाई,लक्ष्मीन बाई,रंजीता,संगीता बंजारे,संगीता कौशिक,अंजली रात्रे वहीं मंच संचालन शिक्षक राजेश कौशिक एवं आभार व्यक्त सुपरवाइजर भगवती साहू ने किया।

निधन

राजकुमार गोयल



जमनीपाली। अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के वरिष्ठ सदस्य साडा कॉलोनी जमनीपाली एमआईजी- 84 निवासी, राजकुमार (राजू) गोयल का दुखद निधन 6 अक्टूबर को 4 बजे हो गया। अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को दर्री प्रगति नगर मुक्तिधाम में किया जावेगा। अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 9 बजे निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र संदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया।

बसंत नामदेव



बालकोनगर। बालको कर्मचारी विभाग वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पदस्थ मनीष नामदेव के पिता बसंत नामदेव निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेक्टर-5 स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में परिजन व बालको कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

11 अक्टूबर से शुरु होगी क्वांर नवरात्रि

मां की भक्ति में डूबेगा अंचल, शक्ति की उपासना के लिए मंदिरों में चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्वांर नवरात्र पर्व का शुभारंभ 11 अक्टूबर से होने जा रहा है। शक्ति की उपासना के इस प्रमुख पर्व को लेकर शहर सहित उपनगर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बनने लगा है। देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई के साथ रंगाई-पुताई और साज-सज्जा का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है, ताकि नवरात्रि शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा सकें।

जिले के प्रमुख देवी मंदिरों सर्वमंगला मंदिर, कंकालिन मंदिर, भवानी मंदिर, वैष्णो दरबार, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, सिद्धिदात्री मंदिर, देवपहरी और हसदेव बैराज क्षेत्र स्थित भवानी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इन मंदिरों में नवरात्रि के दौरान नियमित पूजा-अर्चना के साथ देवी भागवत, दुर्गा सप्तशती पाठ और अन्य धार्मिक



फाइल फोटो

अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि पर्व के लिए कोरबा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके लिए जगह-जगह पंडाल निर्माण का काम शुरू हो चुका है। आयोजन समितियां अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई हैं। कहीं आयोजन का बजट पांच लाख रुपये के आसपास है तो कुछ बड़े आयोजनों में 50 लाख रुपये तक खर्च किए जाने की तैयारी है। समितियों ने अपने बजट के अनुसार विद्युत सजावट, पंडाल, प्रतिमा, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं की योजना तैयार की है। नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ विभिन्न स्थानों पर जगराता, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इसके लिए आयोजन समितियों ने स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आने वाले कलाकारों और मनोरंजन समूहों से भी संपर्क शुरू कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक नवरात्रि के नौ दिनों में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहने की संभावना है।

हजारों ज्योति कलश होंगे प्रज्वलित

नवरात्रि के दौरान मंदिरों में बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिर समितियों के पास पहले से पंजीयन कराया है। कई मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना की संख्या हजारों में पहुंचने की संभावना है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहने की उम्मीद है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे और एग्री-स्टेक सत्यापन समय-सीमा में करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मंत्रियों, पीएमओ पीजी पोर्टल तथा विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी तहसीलदारों को पटवारियों के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रविष्टि का कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। अब तक हुई प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने लंबित प्रविष्टियां शीघ्र पूर्ण कराने को कहा।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्पष्ट किया कि गिरदावरी मैनुअल तरीके से नहीं होगी। पॉलीगॉन ऐप के माध्यम से सर्वेयरों को कार्य में लगाकर प्रविष्टि कराई जाए। जिन किसानों के खसरे ऐप में दिखाई नहीं दे रहे हैं, उनकी जानकारी भी नियमानुसार दर्ज कराई जाए। एग्री-स्टेक सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (सीसीबी) के नोडल अधिकारी, उप पंजीयक सहकारिता और सहकारिता निरीक्षकों को फील्ड में जाकर प्रगति लाने को कहा। उन्होंने डीआरसीएस को भी मैदानी स्तर पर कार्य की समीक्षा करने तथा प्रभारी अधिकारी को इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 20 अक्टूबर से पहले एग्री-स्टेक से संबंधित कार्य पूर्ण कराकर सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने एसडीएम को समितियों के साथ बैठक कर कार्य की प्रगति की समीक्षा करने को भी कहा। बैठक में विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर पंजीयन और लंबित अनुमोदन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को महाविद्यालयों से समन्वय कर छात्रवृत्ति प्रकरणों का समय पर अनुमोदन कराने के निर्देश दिए। श्रम विभाग से ई-केवाईसी की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने वार्डों में शिविर लगाकर कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर ने सुनालिया नहर मार्ग पर 11 केवी विद्युत लाइन शिफ्टिंग के संबंध में विद्युत विभाग और संबंधित ब्रिज निर्माण एजेंसी को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को कार्य प्रारंभ करने और सड़क निर्माण कार्यों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों के सीईओ को भी अपने क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा।

महाराजा अग्रसेन जयंती खेल महाकुम्भ में फिल्मी चक्कर में परखा फिल्मी ज्ञान


प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा फिल्मी चक्कर प्रतियोगिता अयोजन किया गया। अग्रवाल समाज के प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत फिल्मी चक्कर प्रतियोगिता का आयोजन श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने फिल्मी ज्ञान एवं मनोरंजन से जुड़े कौशल का प्रदर्शन किया।

फिल्मी चक्कर प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें दो-दो प्रतिभागियों की टीम बनाई गई। टीम के सदस्यों ने आपसी तालमेल एवं सूझबूझ के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फिल्म, कलाकारों, गीत-संगीत एवं सिनेमा से जुड़े सवालों और गतिविधियों ने प्रतियोगिता को बेहद रोचक बना दिया। एक-दूसरे के साथ विचार-विमर्श करते हुए प्रतिभागियों ने प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया। श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के सचिव प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि 8 अक्टूबर को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में बाल मेला का अयोजन किया जा रहा है बाल मेला में विषेष आकर्षण में जादू के अद्भुत करतब और रोमांच से भरपुर खास शो, स्वादिष्ट खाने के स्टाल, गेम, मस्ती, एवं खुषीयों के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि 7 अक्टूबर को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा योग (चैलेन्ज), तुम हो ना (घर की सुपर स्टार) प्रतियोगिता श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यलाय में अयोजित की जायेगी।

महिलाओं व छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महाराजा अग्रसेन जयंती के पूर्व कटघोरा के अग्रवाल समाज में उत्सव और उमंग का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में विभिन्न मनोरंजक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बोरा दौड़, किंग एंड क्वीन तथा क्रिकेट 6-ए-साइड प्रतियोगिता प्रमुख रही। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन का भरपूर आनंद उठाया।

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना, आपसी मेलजोल बढ़ाना तथा बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान अग्रसेन भवन का प्रांगण उत्साह, उमंग और खेल भावना से


नृत्य का प्रदर्शन करती छात्राएं।

सराबोर रहा। आयोजन की मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बोरा दौड़ ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने बोरे में दौड़ लगाते हुए अपनी फुर्ती और संतुलन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। रोचक मुकाबले के बाद गरिमा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपिका अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। आयोजन की विशेष आकर्षण वाली प्रतियोगिताओं में किंग एंड क्वीन प्रतियोगिता भी शामिल रही। प्रतियोगिता में अर्चिता धनोंदिया पिता अजय धनोंदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा अग्रवाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। खेल प्रतियोगिताओं की कड़ी में आयोजित क्रिकेट 6-ए-साइड मुकाबला भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। क्रिकेट मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला और दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ खेल का आनंद लिया। क्रिकेट 6-ए-साइड प्रतियोगिता में माधव शेखर,यश,अभिषेक,हर्षित,सोम,व चैतन्य अग्रवाल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि अमन, सुमित, सोनू, रितिक, विकास, आदेश व संजय मित्तल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विजेता टीम के खिलाड़ियों ने जीत के बाद उत्साह व्यक्त किया, वहीं उपस्थित समाजजनों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में तनु प्रथम आस्था को मिला द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी छात्रावास की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कुल 6 छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी छात्राओं ने अपने हाथों पर आकर्षक एवं सुंदर मेहंदी की डिजाइन बनाकर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं द्वारा बनाई गई मेहंदी की आकर्षक डिजाइनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में कुमारी तनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी आस्था ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल अन्य छात्राओं को उनकी प्रतिभा और उत्साहवर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की



प्रतियोगिता में शामिल स्कूल की छात्राएं व क्लब के सदस्य।

रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिक्षा के साथ कला एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लायन्स क्लब सेवा सप्ताह के माध्यम से समाजसेवा के साथ-साथ बच्चों और युवाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं को अपनी कला एवं हुनर को प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने लायन्स क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी सराहना की।

भैसमा में आयोजित हुआ नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशभर में चलाए जा रहे जन हितकारी योजनाओं को जैसे स्वच्छता अभियान, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा लोन, जनधन खाता आदि योजनाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलसिंह कंवर जिलाध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाए जाने की विस्तृत जानकारी दी साथ ही नुक्कड़ नाटक में भाग लिए छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि किशन साव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के अनछुए पहलूओं से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प अभियान से छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प लेकर उसे सिद्धि तक पहुंचाने तक नहीं रुकने, नहीं थकने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्य सी एल सारथी ने इस उद्बोधन की सराहना की और छात्रों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलसिंह कंवर जिलाध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा, विशिष्ट अतिथि श्री किशन साव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री श्रीमती सलजा रंगारी,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वरी कंवर, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चुन्नीलाल पाटील, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष सरमन सिंह कंवर, एसएमडीसी अध्यक्ष संतोष साहू, एपीसी समग्र शिक्षा चंद्रेश दुबे, तय्यब खान, गजेन्द्र वैष्णव, रविन्द्र सोनी, दिलीप कौशिक, सौरभ कौशिक, नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षक डी पी सोनी, वरिष्ठ व्याख्याता रमेश कुमार चंद्रा सहित विद्यालय परिवार, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

हाथियों को करंट...

प्रभावित मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजा सहायता देने की प्रक्रिया समय पर पूरी करने के निर्देश पुलिस और वन विभाग को दिए गए। जंगलों में अवैध शराब निर्माण की शिकायतों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने आबकारी विभाग को पुलिस और वन विभाग के समन्वय से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वन मंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने बैठक के एजेंडे प्रस्तुत किए।

शपथ पत्र

मैं उमा पति शिवम कुमार जाति गोंड़, निवासी ग्राम ओड़ालीडीह बोईदा, तहसील हरदीबाजार, जिला कोरबा, छ०ग० की निवासी हूँ, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि-

01. यह कि मैं ग्राम ओढ़ालीडीह बोईदा वार्ड क्र. 12. पो. ऑ. बोईदा, तहसील हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ.ग.) की निवासी हूँ।

02. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक खाते में मेरा नाम उमा मरकाम पति शिवम कुमार (Uma Markam W/o Shivam Kumar) है। जिसे कि अब मैं आधार कार्ड में भी उमा पति शिवम कुमार (Uma W/o Shivam Kumar) करवाना चाहती हूँ।

03. यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैरकानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।

04. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो-हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता
उमा









6 korba-pg4_Layout 1 10/6/2026 11:26 PM Page 1

खबर संक्षेप



विधायक ने हितग्राहियों को योजनाओं से किया लाभान्वित

कोरबा। कटघोरा विकासखंड के ग्राम कसाईपाली में आज सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 94 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष 8 आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शिविर में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री पटेल ने विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। जनपद पंचायत द्वारा पेंशन के आवेदनों का तत्काल निराकरण कर पेंशन स्वीकृति दी गई। पात्र हितग्राहियों को जॉब कार्ड, आवास और राशन कार्ड से संबंधित लाभ भी प्रदान किए गए। विधायक श्री पटेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत गांवों में सेवा सेतु शिविर लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकता के अनुसार उनका लाभ उठा सकें। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती झूलबाई कंवर, एसडीएम एवं आईएएस विपिन दुबे, जनपद पंचायत सीईओ कमलकांत श्रीवास, तहसीलदार, 52 पंचायतों के सरपंच तथा विकासखंड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत छह महिला कृषक सम्मानित



कोरबा। कृषि विभाग एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की क्रियान्वयन एजेंसी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज कार्यक्रम आयोजित कर जिले की छह महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। इन कृषकों ने विगत वर्षों में योजना के तहत फसल बीमा कराकर इसका लाभ प्राप्त किया है। उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित किट प्रदान की गई। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया है। इसका उद्देश्य वैश्विक कृषि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देना है। महिला किसान फसल उत्पादन, पशुपालन, कृषि वानिकी, मत्स्य पालन, बागवानी, कटाई पूर्व गतिविधियों, कटाई के बाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन सहित कृषि क्षेत्र के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी क्रम में जिले की महिला किसानों के कृषि क्षेत्र में योगदान को सम्मान देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि, योजना के शाखा प्रभारी तथा क्रियान्वयन एजेंसी ।प्के जिला एवं विकासखंड स्तरीय समन्वयक उपस्थित रहे।

कथक में हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर व नम्रता बरेठ का शानदार प्रदर्शन



कोरबा। ओडिशा के पुरी में 3 अक्टूबर को आयोजित ब्रह्मा फेस्टिवल में कथक नृत्य के लिए हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर और नम्रता बरेठ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरी प्रत्यक्षा निर्मलकर ने कथक की शानदार प्रस्तुति दी। वह मात्र 3 वर्ष की आयु से कथक का प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके पिता राम साय निर्मलकर एवं माता श्रीमती केवरा आर. निर्मलकर, जो उनकी कथक गुरु भी हैं। हरी प्रत्यक्षा ने कई राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान हासिल किए हैं। वह न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोरबा में कक्षा पाँचवीं की छात्रा हैं। वहीं नम्रता बरेठ सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल, कोरबा में डांस टीचर हैं। उन्होंने कथक की ओपन कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवॉर्ड प्राप्त किया।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल ने चिकित्सालय में बांटा भोजन



कोरबा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल कोरबा जिला इकाई की बहनों द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए भोजन सेवा का आयोजन किया गया। भारत माता की रसोई समूह के माध्यम से विप्र भगिनियों द्वारा पावन पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों के संतुष्टि के निमित्त यह सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला मंडल कोरबा जिला इकाई की तथा समाज की अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तभी विकसित भारत का पूरा होगा सपना : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

खास बात

- संकल्प शिविर से स्वच्छता एवं रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों का दिया जा रहा है संदेश



वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर ही बच्चे देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सेवा संकल्प अभियान के तहत रामपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अभियान में स्वच्छता, रक्तदान और सरकार आपके द्वार शिविरों के माध्यम से लोगों तक सेवाएँ और योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। विद्यालयों में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ भाषण, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, ताकि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखा सकें और विकसित भारत के संकल्प से जुड़ें। उन्होंने नुक्कड़ नाटक में प्रधानमंत्री की देश सेवा को नाटक के माध्यम से प्रस्तुति पर विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) सहित विभिन्न मदों से सड़क, पुल-पुलिया, विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य भवन और छात्रावासों से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। रामपुर विद्यालय में भवन निर्माण के साथ एक अन्य भव्य भवन का निर्माण भी डीएमएफ से प्रस्तावित है। मंत्री ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने बच्चों से मोबाइल का सीमित उपयोग कर अध्ययन पर ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम को एमआईसी सदस्य एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद श्रीमती ममता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

दो माह बाद शासन से आया आदेश, तब तक करा चुके हैं अधिकांश सदस्य एग्रीटेक में पंजीयन

अब नहीं कराना पड़ेगा संयुक्त खाते वाली जमीन के सभी सदस्यों को पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो माह तक संयुक्त खाते वाली जमीनों के मुखिया सहित सभी सदस्यों को दौड़ धूप कर एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन करा लिया

खास बात

- धान बेचने के लिए शासन ने संयुक्त खाते के सभी सदस्यों के पंजीयन को किया था अनिवार्य

तब जाकर राज्य शासन का संशोधित आदेश आया। जिसमें सभी सदस्यों को पंजीयन नहीं कराने के निर्देश दिए हैं। जबकि दो माह तक किसान सहित समितियों को पंजीयन कार्रवाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

धान खरीदी के लिए लगातार जुलाई माह से नए नियम जारी किए जा रहे हैं, इससे किसानों के साथ समिति के कर्मचारी और विभागीय कर्मचारी परेशानी झेल रहे हैं। दो माह पूर्व ऐसा ही एक आदेश शासन की ओर से आया था, जिसमें संयुक्त खाते वाली जमीन के सभी सह खातेदारों का एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया था। इस आदेश से किसानों में हड़कंप मच गया था। अधिकांश किसानों के सह खातेदार किसी न किसी सरकारी सेवा में या निजी सर्विस में रहने के कारण जिले से बाहर निवास कर रहे हैं, धान बिक्री के लिए पंजीयन के लिए उन्हें भी अपने अपने स्थानों से वापस आना पड़ा। जिसके लिए समितियों में भी भीड़ शुरु हुई थी। इस आदेश से पारिवारिक विघटन की भी स्थिति निर्मित हो गई थी। कई किसान परिवार ऐसे ही विवादों के कारण पंजीयन नहीं करा सके हैं। दो माह तक परेशानी झेलने के बाद राज्य शासन ने अब आदेश जारी किया गया है जब खरीदी को महज डेढ़ माह शेष बचे हैं। इससे लेकर समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब केवल संयुक्त खाते वाली जमीन के लंबरदार का ही एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इस पंजीयन के आधार पर ही किसान अपनी फसल बेच सकेंगे। यही पंजीयन शुरू होने के समय से चले आ रहा था।



केवल एक सदस्य का पंजीयन ही अनिवार्य

संयुक्त खाते के सभी सदस्यों का पंजीयन अब अनिवार्य नहीं किया गया है। ऐसी जमीनों के एक सदस्य (लंबरदार) का पंजीयन ही अनिवार्य किया गया है और एक सदस्य के पंजीयन से ही किसान अपना धान बेच सकेंगे। -डीपीएस कंवर, उप संचालक, कृषि

कितने किसानों ने कराया पंजीयन

कृषि विभाग के आंकड़ों में एक लाख 22 हजार कुल किसान जिले में हैं। जिसमें से 52 हजार किसानों ने पिछले वर्ष धान बेचा था। इस वर्ष भी धान बिक्री के लिए पंजीयन की कार्रवाई चल रही है। नए किसानों के भी पंजीयन के लिए नए निर्देश से होने वाली परेशानी से राहत मिली है। अब तक लगभग 48 हजार किसानों का धान खरीदी के लिए पंजीयन हो चुका है।

कोरबा-जांजगीर बॉर्डर के जंगल में चल रहा था जुए का फड़, पुलिस ने मारा छापा



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसे-जैसे दीवाली का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे क्षेत्र में जुआड़िया नेटवर्क भी सक्रिय होने लगा है। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नेवासा-शक्ति के जंगलों में चल रहे एक बड़े जुआ फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन जुआड़ियों को धरदबोचा है। जुआड़ियों के कब्जे से 54 सौ रुपए नगद व तीन मोटर सायकल व मोबाइल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से नेवासा-सक्ति खर्रा के घने जंगल में तिरपाल लगाकर जुए की महफिल सजाई जा रही थी। मंगलवार को हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि जंगल के भीतर बड़े पैमाने पर ताश के पत्तों पर दांव लगाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को जुआ की जानकारी दी गई। एसपी के निर्देश पर हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह ने अपनी टीम के साथ रणनीति बनाकर जंगल में घेराबंदी की और छापेमारी की। पुलिस की अचानक हुई इस कार्रवाई से जुआरियों में भगदड़ मच गई। मौके का फायदा उठाकर कुछ जुआरी जंगल की आड़ में भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 3 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़े गए जुआड़ियों में दीपका निवासी पवन पटेल पिता निर्धन राम पटेल, निरतु निवासी नंदकुमार पिता भुवन लाल पटेल, बुड़गघन निवासी राजेश पिता धरमलाल शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 54 सौ नगद, 52 पत्ती ताश, मोबाइल फोन और मौके से मोटरसाइकिलें जब्त की है।

निर्मला स्कूल प्रकरण की जांच के लिए पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी को 16 बिंदुओं पर स्थानीय निवासियों के द्वारा लिखित रूप से

खास बातें

- शिक्षा विभाग को स्थानीय निवासियों ने लिखित में की थी शिकायत
- मामला कोसाबाड़ी स्थित निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल का

शिकायत कराते हुए व्यक्तिगत रूप से भी शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया था। इस प्रकरण में सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम ने जांच पड़ताल कर प्रबंधन का बयान दर्ज की है।

एक सप्ताह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को कोसाबाड़ी निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ 16 बिंदु की शिकायत की गई थी। जिसमें स्कूल के शिक्षकों को समय पर अवकाश नहीं देना, छात्रों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ना देना और प्रेयर में शामिल होने के लिए दबाव देना एवं वेतन विसंगति जैसी 16 बिंदुओं की शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जिसमें सेजस के प्राचार्य एमके साहू एवं मंजू तिवारी शामिल थे। टीम के द्वारा सोमवार को स्कूल पहुंचकर स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षकों का भी बयान दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जांच प्रतिवेदन के बाद आगे की कार्रवाई विभाग के द्वारा की जाएगी।



फाइल फोटो

किया गया बयान दर्ज

शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर कोसाबाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध की शिकायत की जांच के लिए स्कूल पहुंचकर प्रबंधन और शिक्षक व छात्रों का बयान दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता स्कूल से संबंधित नहीं हैं। जांच प्रतिवेदन विभाग को सौंपा जाएगा। -जितेन्द्र साहू, बीईओ, कोरबा

शिकायतकर्ता बाहर के

जिला शिक्षा विभाग को की गई शिकायत में स्कूल के शिक्षक और किसी छात्र का उल्लेख नहीं है। उक्त शिकायत 4 व्यक्तियों के द्वारा की गई है जो स्कूल के बाहर के व्यक्ति बताए गए हैं। उनके द्वारा 16 गंभीर बिंदुओं पर शिकायत किए जाने के बाद जांच शुरू की गई है।

दो दुकानों का टूटा ताला, मां की बरसी के लिए जोड़कर रखे पैसे ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र के सिंचाई कालोनी चौक में एक रात में दो दुकानों का ताला और छप्पर तोड़कर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। मुख्य सड़क की दुकानों में चोरों ने 5 और 6 अक्टूबर की दरमियानी रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी चौक में गंगाराम होटल संचालक सुजीत ने लगभग 14 हजार और मोती किराना दुकान से राशन सामान की चोरी गई है। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। दोनों ही मामलों में पृथक-पृथक एफआईआर दर्ज की गई है। दर्री थाना प्रभारी तेज कुमार यादव ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।



घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा

हरदीबाजार कॉलेज ने पीजी कॉलेज को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

परिक्षेत्र स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय कोरबा को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया है।

प्रतियोगिता के दौरान दोनों टीमों के बीच काफी कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। खेल के शुरुआती दौर से ही ग्राम्य भारती महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, सटीक सर्विस और मजबूत स्मैश का प्रदर्शन करते हुए पीजी कॉलेज कोरबा की टीम को पटखनी दी। साहिल राठौर को बेस्ट प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में मानव जीवन में खेल के महत्व तथा इसके अनुशासन को दैनिक जीवन में आत्मसात करने के लिए उपस्थित सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। साथ ही साथ सभी से खेल भावना का परिचय देने का भी आग्रह किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में पीजी कालेज कोरबा, पाली, कटघोरा, भैसमा, हरदीबाजार, सजेस कोरबा तथा कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के खिलाड़ियों ने शिरकत की। इस जीत से ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस दौरान डॉ अनिल पांडेय, युवामोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि साहू, छोटेलाल पटेल, श्रवण सोनू यादव, मन्नु राठौर सहित अन्य प्रधायपक खिलाड़ी उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में विजयी टीम के प्रतिभागी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपरमात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, सहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411